कार्यालय कलेक्टर, जिला – नारायणपुर (छ.ग.),
(आदिवासी विकास शाखा,)
दूरभाष नं.– 07781 - 252881 (फैक्स) 299047
Email-collector.assttw.narayanpur@gmail.com

– संक्षिप्त विज्ञप्ति –

क्रमांक/5261 /आ.वि./रा.यु.उ.यो./प.पू.प्र./2023–24 नारायणपुर, दिनांक– 7/12/2023

अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए "राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019" अंतर्गत एस.एस.सी., बैंकिंग, रेल्वे एवं व्यापम जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु वर्ष 2023–24 में नारायणपुर में परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश लेकर परीक्षा की तैयारी करने इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। चयनित अभ्यार्थियों को नारायणपुर स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में युवा कैरियर निर्माण योजना के तहत हास्टल में आवास, लाईब्रेरी, समाचार पत्र, पत्रिका आदि सुविधाए निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

अभ्यर्थियों के पात्रता हेतु अर्हताए :–

(1) आवेदक छ.ग. राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
(2) आवेदक भारत सरकार द्वारा छ.ग. राज्य के लिए घोषित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं छ.ग. शासन द्वारा घोषित अन्य पिछड़ा वर्ग से हो तथा स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक हो।
(3) आवदेक की न्यूनतम आयु 20 वर्ष तथा अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए । न्यूनतम आयु की गणना विज्ञापन प्रकाशन वर्ष में 1 जनवरी 2023 की स्थिति में की जाएगी।
(4) आवेदक बैंकिग/रेल्वे/व्यापम/एस.एस.सी. द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल होने हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखता हो।
(5) ऐसे अभ्यर्थी जो वर्तमान में किसी शासकीय सेवा में कार्यरत हो वे इस योजना हेतु पात्र नहीं होंगे।
(6) चयनित अभ्यर्थियों को योजना का लाभ केवल एक बार ही दिया जायेगा।
(7) ऐसे आवेदक जिनकी स्वयं की आय या माता–पिता/पालक की आय रू. 3.00 लाख वार्षिक तक है, वे योजनांतर्गत संचालित प्रशिक्षण हेतु पात्र होंगे। इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

इस योजना का लाभ लेने हेतु दिनांक **29.12..2023** तक कार्यालय कलेक्टर, आदिवासी विकास शाखा, जिला नारायणपुर के कक्ष क्रमांक 94,95 में आवेदन जमा करना होगा।

1. कुल स्वीकृत सीट	–	100 (ST-50,SC-30, OBC-20) महिलाओं के लिए 33% सीट आरक्षित होगी।
2. प्राक्चयन परीक्षा हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	–	**29.12..2023 समय 5:30 बजे तक**
3. प्राक्चयन परीक्षा दिनांक	–	**14.01..2024 समय 10:30 बजे से 01:00 बजे तक**
4. प्राक्चयन परीक्षा स्थल	–	**500 सीटर आदर्श बालक आ.उ.मा.वि.गरांजी , एवं बुनियादी कन्या शिक्षा परिसर (एजुकेशन हब गरांजी,)**

5. आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास नारायणपुर के कक्ष क्रमांक 94, 95 में अंतिम तिथि तक जमा किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी हेतु जिला नारायणपुर की वेबसाईट **www.narayanpur.cg.gov.in** से "राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019" विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन कर एवं निर्धारित आवेदन पत्र प्रारूप (**Download**) कर सकते है।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास,
नारायणपुर,

पृ.क्रमांक / 5262 / आ.वि. / रा.गु.उ.गां. / प.पू.प्र. / 2023–24 नारायणपुर, दिनांक– 7 / 12 / 2023
प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन नवा रायपुर छत्तीसगढ़।
2. कलेक्टर, जिला नारायणपुर।
3. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला नारायणपुर।
4. प्राचार्य, शासकीय 500 सीटर आदर्श बालक आ.उ.मा.वि.गरांजी, जिला नारायणपुर को सूचनार्थ एवं उपरोक्त प्राक्चयन परीक्षा दिनांक 07.01.2024 को आपके संस्था में आयोजन हेतु बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करें।
5. बुनियादी कन्या शिक्षा परिरार एजुकेशन हब गरांजी, जिला नारायणपुर को सूचनार्थ एवं उपरोक्त प्राक्चयन परीक्षा दिनांक 07.01.2024 को आपके संस्था में आयोजन हेतु बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करें।
6. सहायक संचालक, जनसंपर्क, जिला नारायणपुर संक्षिप्त प्रेष विज्ञप्ति प्रकाशित करने हेतु सूचनार्थ।
7. जिला तकनीकी सूचना एवं विज्ञान अधिकारी (NIC) नारायणपुर कृपया जिले के वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करें।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास,
नारायणपुर,

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार